दिल्ली में मकानों का अप्राधिकृत निर्माण

1162. **श्री शरद यादवे :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में मकानों का अप्राधिकृत निर्माण तेजी से हो रहा है ;

(ख) यदि हां, तो 1986–87 तथा 1987–88 के वर्षों के दौरान ऐसे कितने मामले दिल्ली प्रशासन की जानकारी में आये हैं और इनमें से प्रत्येक मामले पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या रही ;

(ग) क्या यह भी सच है कि चांदनी चौक इलाके में तथा उस इलाके की तंग गलियों में दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों की मदद से निर्माण कार्य हो रहा है और वहां अनेक अप्राधिकृत व्यावसायिक काम्पलेक्सों का भी निर्माण हो रहा है ; और

(घ) क्या इस संबंध में सरकार को कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं यदि हां, तो उन पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ;

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) शहर में केवल चुनिंदा पाकेटों में अनधिकृत निर्माण में वृद्धि हो रही है जहां बेहतर वाणिज्यिक संभाव्यता है तथा नगरोपरांत जहां भूमि अधिगृहीत और विकसित नहीं की जा सकती है ।

(ख) 1986–87 और 1987–88 के दौरान निम्नलिखित अनधिकृत निर्माणों का पता लगा है और उनमें से कुछ को गिरा दिया गया है ।

अवधि	अनधिकृत निर्माण की संख्या	
	पता लगाये गये	गिराये गये
1986–87	12771	407
1987–88	10933	670

इसके अतिरिक्त, कानून को अधिक प्रभावकारी और निवारक बनाने के लिये 10–12–1985 से अनधिकृत निर्माण की संज्ञेय अपराध घोषित करते हुए संबद्ध अधिनियमों को संशोधित किया गया है ।

(ग) दिल्ली नगर निगम को सूचित किया है कि यद्यपि किसी अधिकारी विशेष के विरुद्ध इस प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है फिर भी जब कभी कोई अनधिकृत निर्माण होता है तो दिल्ली नगर निगम अधिनियम के प्रावधान के अन्तर्गत तुरन्त कार्रवाई की जाती है ।

(घ) जी नहीं, तथापि, दिल्ली नगर निगम अनधिकृत निर्माण का ध्यान रखता है और इस प्रकार की संपत्तियों के स्वामियों/भवन निर्माताओं के विरुद्ध कार्यवाई यदि कोई हो,तो आरम्भ करता है ।

Use of alternative Technology for pesticides

1163. SHRI RAM AWADHESH SINGH: Will the Ministe,- of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether Govenunent are aware of the serious consequences of continued use of pesticides for which alternative technology is now available; and

(b) whether Government have examined many facts and. figures and suggestions in Business .update of 12—25th March 1988, and if so, Government's position on various issues raised therein.

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF AGRICULTURE AND COOPERATION IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE • • (SHRI SHYAM LAL YADAV): (a) Safe and judiciou$_s$ use of pesticides as per recommended practices is not of any serious consequences. The Government is also advo. eating the Integrated Pest Management which encompasses alternate technology for pest control *viz.,* cultural, mechanical and bio-control methods

(b) Yes, Sir. The report in Business Update of' 12—25 March, 1988 contains